14.31½ hrs.

ADVOCATES (AMENDMENT) BILL*

(Amendment of sections 24 and 55)

Shri Parashar (Shivpuri): I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Advocates Act, 1961.

Mr. Deputy-Speaker: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Advocates Act, 1961".

The motion was adopted.

Shri Parashar: I introduce the Bill.

14.32 hrs.

MOTOR VEHICLES (AMEDND-MENT) BILL*

(Amendment of section 24)

श्री यशपाल सिंह (कैराना) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि मोटर गाड़ी अधिनियम, 1939 में आगे संशोधन करने वाले विधेयक को पेश करने की अनुमति दी जाये ।

Mr. Deputy-Speaker: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Motor Vehicles Act, 1939".

The motion was adopted.

श्री यशपाल सिंह : मैं विधेयक को पेश करता हूं ।

14.32½ hrs.

ALL INDIA AYURVEDIC MEDICAL COUNCIL BILL*

Shri A. T. Sarma (Chatrapur): I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the constitution of an All India Ayurvedic Medical Council for India, maintenance of an Ayurvedic Medical Register for the whole of India and for matters connected therewith.

Mr. Deputy-Speaker: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill to provide for the constitution of an All India Ayurvedic Medical Council for India, maintenance of an Ayurvedic Medical Register for the whole of India and for matters connected therewith."

The motion was adopted.

Shri A. T. Sarma: I introduce the Bill.

Mr. Deputy-Speaker: Next Bill, Shri Sivamurthi Swamy—not here.

Bills for consideration. Dr. Ram Manohar Lohia is not here. He has authorised Shri Ram Sewak Yadav.

14.33 hrs.

CODE OF CRIMINAL PROCEDURE (AMENDMENT) BILL

(Omission of Section 109) by Dr. Ram Manohar Lohia.

श्री रामसेवक यादव (बाराबंकी) : उपाध्यक्ष महोदय, यह जो दण्ड प्रक्रिया संहिता 1898, में आगे संशोधन करने वाला विधेयक सदन के सामने पेश है इसको डाक्टर राम मनोहर लोहिया ने रखना था लेकिन चूंकि वह कुछ कारणवश सदन में इस समय उपस्थित नहीं हैं इसलिये मैं इस बिधयक को सदन के सामने प्रस्तुत कर रहा हूं और आशा करता

*Published in Gazette of India Extraordinary, PartII, section 2, dated 5-3-65.

हूं कि सदन इस पर विचार करेगा और विचार करने के बाद इसको मंजूर करेगा हालांकि मैं डाक्टर राम मनोहर लोहिया की तरह से तो इसके पक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत नहीं कर पाऊंगा ।

उपाध्यक्ष महोदय : यह जो धारा 109 है यह अपराध रोकने की धारा कही जाती है । आज तक इस सदन में अक्सर जो प्रीवेंटिव डिटैंशन ऐक्ट है या जो भारत रक्षा कानून है इसके तहत पकड़े गये राजनीतिक लोगों और बड़े लोगों को लेकर काफ़ी चर्चा हुई है लेकिन आज इस सदन में यह पहला अवसर है कि देश के लाखों गरीब लोगों को इस कानून का शिकार बनाया जाता है उसकी चर्चा आज यहां प्रथम बार होने जा रही है और मैं समझता हूं कि इस 109 धारा का जो इस्तेमाल है इसका जो उद्देश्य है, उनको जो जानते हैं इस सदन के माननीय सदस्य और जो बाहर इसकी प्रतिक्रिया है हिन्दुस्तान में जो हमारे संविधान में मौलिक अधिकार दिया है उसके विपरीत है और मैं उनको इस सदन के सामने और मंत्री महोदय के सामने रखने का प्रयास करूंगा। मैं अपनी बात और तर्क इस आशा के साथ पेश करूंगा कि वे इस संशोधन को स्वीकार कर लेंगे ।

इस धारा 109 का मतलब है कि अपराध न हों इसलिये इस के अन्दर जो पकड़े जाते हैं उस में तीन उद्देश्य बतलाये गये हैं । तीन बातें कही गई हैं। अगर कोई आदमी अपने को कहीं छिपाये, दूसरा उस का जरिया माश न हो, कोई रोटी-रोजी का जरिया न हो और उस से जब पूछताछ की जाय तो वह कोई संतोषजनक उत्तर न दे वहां पर, अगर कोई ऐसा व्यक्ति हो तो खट्ट से उसको 109 के अन्तर्गत चालान कर के जेल भेज देते हैं । इसलिये उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्यों के सामने अनुरोध करूंगा कि छिपाना कोई किस जगह पर है जिस कारण से है, इस को कौन तय करेगा ? दूसरे जरिया माश....

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Hathi): May I interrupt the hon. Member for a minute? While the hon. Member is quoting a section of the law I would request him either to read the actual section or use the words which are used in the law itself. He just now said *"chalan karke jail me bejdenge"*. I do not know whether section 109 of the Criminal Procedure Code gives power to the magistrate to do that.

श्री रामसेवक यादव : मैं जानता हूं। मैं उस के बारे में भी कह दूं कि अगर वह जमानत नहीं देता तो जेल में उसे रखना पड़ेगा । यह है उस का उद्देश्य । अगर इतनी बारीकी मंत्री महोदय निकालते हैं तो मैं समझता हूं कि इस तर्क का तो कोई मतलब ही नहीं रह जाता है । अगर वह जमानत नहीं देता, कोई गरीब आदमी उस को जमानत नहीं मिलती है तो उस को जेल में ही रहना पड़ेगा और जेल में रहते हैं लाखों आदमी। अगर मंत्री महोदय जानते होते तो शायद ऐसी बात नहीं कहते । छिपाना, जरिया माश का न होना, अगर उस जरिया माश के अभाव को देखा जाय तो हिन्दुस्तान के बहुत से ऐसे लोग हैं जिनके कि पास कोई जरिया माश नहीं है। उन के पास खेती नहीं है। श्रीमन्, उन के पास नौकरी नहीं है, उन के पास रोजगार नहीं है, कौन उन को खेती, रोजगार दे ? क्यों उन के पास खेती नहीं है ? उन का गरीब होना ही एक अपने में अपराध है । उस अपराध के मातहत अगर इस दफ़ा की इन चीजों के ऊपर ध्यान दिया जाय तो उन को जेल में जाना पड़ता है ।

इसी तरीक़े से अगर संतोषजनक जवाब न देंगे, अगर यह तीनों चीजें पूरी हो जाती हैं तो उस का चालान होता है और आये दिन हजारों लाखों लोग जेलों में

[श्री रामसेवक यादव]

रहते हैं और हिन्दुस्तान-भर की अगर तालिका एकत्रित की जाये, आंकड़े इकट्ठे किये जायें तो श्रीमन्, लाखों लोग हिन्दुस्तान में 109 धारा के अन्दर जिनका कि केवल यह पाप माना जाता है कि उन के पास कोई जरिया माश नहीं है, ग़रीब लोग हैं, इसलिये उन को जेल में जाना पड़ता है और अगर पता लगाया जाये तो 30, 40, 50 हजार व्यक्ति हर वक्त इस धारा 109 के अन्तर्गत जेल में रहते हैं, हमेशा रहते हैं और आने जाने वालों की संख्या अगर पता लगाई जाये तो वह तो फिर लाखों में पहुंच जाती है । अब इस धारा का इस्तेमाल किस लिए किया जाता है ? इस धारा का इस्तेमाल किया जाता है बदले के लिए । कोई गरीब होता है उस पर जरूरत के लिए और पुलिस की चौकसी दिखाने के लिए होता है । बदला किस तरह से ? अगर कहीं पर कोई पुलिस का आदमी अन्याय करे या कहीं जमींदार या वहां का जागीरदार या कोई धनपति व्यक्ति किसी गरीब के प्रति अन्याय करे और कोई आदमी उस के खिलाफ़ आवाज़ उठाए और अन्याय करने से टोक दे तो फिर पुलिस से मिल कर उस व्यक्ति को 109 में चालान करके जेल भेज दिया जाता है । इसके साथ ही साथ 109 में श्रीमन्, यह भी होता है कि गांव में अगर कोई गरीब आदमी किसी बड़े जमींदार जो पुराना है और आज भी वे लोग किसी-न-किसी शक्ल में एक हैसियत वाले लोग हैं, उनके यहां बेगार करने नहीं जाता, कम तनख्वाह पर काम करना पसन्द नहीं करता है तो चूंकि पुलिस की और उसकी दोस्ती होती है उसका धारा 109 में चालान करा दिया जाता है और बाद में वही जागीरदार या जमींदार जमानत करता है और वह बेचारा आदमी उसके वहां हल की मूंठ पकड़ कर हमेशा के लिए अपनी जिंदगी बय कर देता है । हमेशा के लिए उस की किस्मत बंध जाया करती है । यह है धारा 109 । ऐसे आदमियों की है यह धारा 1091 में पंजाब का एक मामला बतलाऊं जो कि सन् 1951 का है । वहां जब पुलिस वाले एक व्यक्ति तेजा सिंह को पीट रहे थे तो एक कर्तार कौर नामक स्त्री ने उन्हें मनाह किया तो पुलिस वालों ने बदले की भावना से प्रेरित हो कर उस महिला का 109 में चालान कर दिया । 1951 में पंजाब के हाई कोर्ट का फैसला है और उस में वह जाकर छूट पायी । इस तरीके से यह सारी चीजें चलती हैं ।

अगर कोई आदमी गरीब है, उसके पास कोई रोजगार नहीं है, तो उसको जेल भेजने के लिए वह काफ़ी है, क्योंकि इस धारा के इन्ग्रेडियन्स में यह भी शामिल है कि अगर किसी के पास जरिया-मुआश नहीं है, रोजी-रोटी का साधन नहीं है, तो उसके विरुद्ध इस धारा के अंतर्गत कार्यवाही की जा सकती है ।

इस धारा का इस्तेमाल जरूरत के लिये भी किया जाता है । क्या जरूरत ? जेलों में कुछ काम ऐसे होते हैं, जिन को कैदियों के जरिये ही कराया जाता है, जैसे भंगी का काम—पाखाना उठाना, धोबी का काम—कपड़े धोना, मोची का काम—जूतों की मरम्मत करना और उन को तैयार करना, नाई का काम—बाल बनाना, आदि । यह न समझा जाये—माननीय सदस्य, श्री शर्मा, यह न समझें—कि यह धारा छोटी जातियों और ग़रीबों के विरुद्ध ही इस्तेमाल होती है । यह बड़ी जातियों के ग़रीबों के लिए भी इस्तेमाल होती है । जेल में रोटी बनाने के लिए ग़रीब ब्राह्मण का चालान भी धारा 109 में किया जाता है । जेल और पुलिस के अधिकारियों में हमेशा बात-चीत चलती रहती है कि इस समय हमारे यहां भंगी का काम है, जिस व्यक्ति को धारा 109

के अधीन भेजा गया था, वह अब जाने वाला है, किसी और को भेज दो । धारा 109 का इस्तेमाल इस बात को दृष्टि में रख कर किया जाता है कि किन-किन लोगों की जेल में जरूरत है और किन लोगों का चालान कर के भेजना है ।

इसके अतिरिक्त इस धारा का इस्तेमाल पुलिस चौकसी ज़ाहिर करने के लिए भी किया जाता है । हमारे मंत्री जी भले आदमी हैं, लेकिन हम को केवल भल-मनसाहत और मीठी बात से ही नतीजे नहीं निकालने चाहियें, जैसा कि इस सदन का और देश का दस्तूर बन गया है । भल-मनसहत की जांच होनी चाहिये उस के परिणामों और फलों को देख कर । अगर गृह मंत्री महोदय भले आदमी हैं तो उस का एक नतीजा यह निकलना चाहिये कि देश में जरायम घटें, मुजरिम लोगों को सज़ा मिले, ग़रीबों का शासन में विश्वास जमे और आतताइयों में शासन का भय पैदा हो । अगर मंत्री महोदय और मंत्रालय यह नहीं कर पाते, तो चाहे वह संतरे या अंगूर जैसे मीठे हों, उस का कुछ मतलब नहीं है, उस से कड़ुवाहट ही पैदा होगी, अन्ततोगत्वा उस का कई नतीजा नहीं निकलने वाला है ।

कैरों हत्या-कांड के लिए कोई नहीं पकड़ा जायगा । अगर स्त्रियों का अप-हरण हो, तो कोई नहीं पकड़ा जायेगा । सन्याल हत्या-कांड के लिए कोई नहीं पकड़ा जायेगा । लेकिन पुलिस अपनी कारगुज़ारी और चौकसी दिखाने के लिए और मजिस्ट्रेट यह दिखाने के लिए कि हम हर महीने कितने मुकदमों का फ़ैसला करते हैं, धारा 109 का इस्तेमाल करते हैं, क्योंकि जो व्यक्ति पकड़े जाते हैं वे कुबूल कर लेते हैं और उन को साल भर के लिए जेल में या किसी ज़मींदार की बेगार में रहना पड़ता है । इस प्रकार अपनी कारगुज़ारी को दिखाने के लिए धारा 109 का प्रयोग किया जाता है कि पुलिस ने इतने चालान किये और मैजिस्ट्रेट ने इतने मुकदमों का फैसला किया और यह तादाद बराबर बढ़ाई जाती है ।

इस देश के हरिजन, पिछड़ी जातियों के--और ऊंची जातियों के भी—गरीब लोग आये दिन इस धारा का शिकार होते हैं । मैं नहीं समझ पाता कि हमारे संविधान में दिये गये मौलिक अधिकारों और जनतंत्र के रहते हुए आज धारा 109 कहां तक उपयुक्त है ।

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य अपना भाषण समाप्त करने का प्रयत्न करें ।

श्री रामसेवक यादव : उपाध्यक्ष महोदय, मुझे सभी और समय मिलना चाहिये । इस बिल में माननीय सदस्यों को दिलचस्पी है, इस लिये इस का टाइम बढ़ा दिया जाना चाहिये ।

श्री सरजू पाण्डेय (रसड़ा) : यह बड़ा महत्वपूर्ण बिल है, इसलिये इस का समय बढ़ाना चाहिये ।

श्री ओंकार लाल बेरवा (कोटा) : लोगों को पकड़ कर कांजी हाउस में डाल दिया जाता है । इस बिल का समय बढ़ाया जाना चाहिये ।

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य ने पंद्रह मिनट ले लिये हैं । अजब वह तीन चार मिनट में समाप्त कर दें ।

श्री रामसेवक यादव : मैं तीन चार मिनट में खत्म नहीं कर पाऊंगा । अगर मैं अपने पूरे तर्क रख पाऊंगा, तभी कुछ मतलब निकलेगा । यह कोई दल-विशेष का प्रश्न नहीं है । माननीय सदस्यों की मर्ज़ी है कि इस बिल पर अच्छी तरह से विचार होना चाहिये ।

धारा 109 के अधीन पकड़ने के लिये मोमबत्ती, दियासलाई, लाठी और सावर, यही आधार हैं । अगर माननीय

[श्री रामसेवक यादव]

मंत्री आई० सी० एस० अफसरों और अन्य अधिकारियों द्वारा दिये गये नोट्स और रिपोर्ट्स को छोड़ दें और अपनी याददाश्त को ताज़ा करें, तो वह यही देखेंगे कि वही मोमबत्ती, दियासलाई , लाठी और सावर निकला और किसी को साल भर के लिए जेल भेजने का मसाला मिल गया ।

श्री बी० चं० शर्मा : (गुरदास पुर) क्या माननीय सदस्य भी कभी पकड़े गए हैं ?

श्री रामसेवक यादव : माननीय सदस्य खुशामद करते रहें, उन का नम्बर भी आ जायेगा ।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि वही मोमबत्ती, दियासलाई, लाठी और सावर हर मुकदमे में बार-बार पेश होते हैं । मैं समझता हूं कि उन को जला देना चाहिये या समुद्र या नदी में फेंक देना चाहिये । जहां ये चीजें पेश की गई, वहां मेजिस्ट्रेट महोदय ने साल भर के लिए जेल भेज दिया ।

जहां तक झूठी गवाहियां देने का सम्बन्ध है, अगर मैं "जर्नल आफ दि इंडियन ला इंस्टीट्यूट" में से कोट करूं, तो आप समझ सकते हैं कि किस तरह दिल्ली में, जहां जनतंत्र का केन्द्र है, जहां मंत्री आदि सब लोग रहते हैं और जो केन्द्रीय सरकार का कार्य-क्षेत्र है, धारा 109 के अन्तर्गत 1385 गिरफ़तारियां हुई और किस तरह से मुकदमे चले । इस में यह भी बताया गया है कि 19 मुकदमों में एक गवाह, 17 मुकदमों में दो गवाह और 14 मुकदमों में एक गवाह—वही गवाह पेश किये गये और उन के साथ वही मोमबत्ती, वही लाठी, वही सवार और वही दियासलाई भी पेश किये गये । और शिकार होते हैं ग़रीब आदमी ।

यह धारा कितनी अन्यायपूर्ण है, इसका अन्दाज़ा आप इस से लगा सकते हैं कि मानवाधिकारों के बारे में यूनेस्को की जो अठारहवीं रिपोर्ट आई है, उस में दिया हुआ है कि कुछ ऐसे देश भी हैं, जहां जमानत की भी व्यवस्था नहीं है, जहां किसी को जेल में रखना पसन्द नहीं किया जाता है, क्योंकि यह एक नागरिक और दूसरे नागरिक के बीच में भेदभाव है । इस के अतिरिक्त ऐसे भी देश हैं, जहां फांसी का जुर्म साबित होने पर भी, फांसी की सज़ा होने पर भी, वह सज़ा खत्म करके अभियुक्त को केवल जेल में रखा जाता है ।

उन देशों को देखिये और उस देश को देखिये, जो गांधी और जनतंत्र का देश है, जहां रात-दिन गांधी और जनतंत्र का नाम लिया जाता है । यहां पर बेरोज़गार होना और किसी जाति-विशेष का होना एक अभिशाप है, क्योंकि भंगी ज़रूर जेल जायेगा पाखाना साफ़ करने के लिए और ब्राह्मण को खाना पकाने के लिए जाना पड़ेगा ।

श्री बाल्मीकी (खुर्जा) : भंगियों की जगह सांसी ज्यादा लिये जाते हैं ।

श्री रामसेवक यादव : क्या जनतंत्र में ग़रीब होना या किसी जाति-विशेष का होना जुर्म है कि व जेल में भेज दिये जाते हैं ? 1956 में हिमाचल प्रदेश में जस्टिस रामभद्र ने एक फ़ैसला सुनाते हुए कहा कि अगर कोई कभी पहले सज़ा काट चुका हो, तो भी यह ज़रूरी नहीं है कि उस को सज़ा दे दी जाये । लेकिन आज स्थिति यह है कि अगर किसी को पहले सज़ा हुई हो और धारा 109 में उस का चालान हो गया, तो फिर किस सबूत, बहस-मुबाहसे, जिरह और गवाह की ज़रूरत है । उस को जेल भेज दिया जाता है। आज यह इस धारा की स्थिति है । इसको रखने से अपराध घटेंगे नहीं, बल्कि बढ़ेंगे ही ।

आप यह भी देखें कि इसकी पकड़ में ज्यादातर कौन लोग आते हैं ? ऐसे लोगों को इस धारा के अन्तर्गत पकड़ा जाता है जिनका न कोई जुर्म होता है और न ही जुर्म करने की उनमें कोई आदत होती है, जो न अपराधी

होते हैं और न ही अपराध करने की प्रवृत्ति उनमें विद्यमान होती है । जब एक आदमी को बिना अपराध के जल में भेज दिया जाता है और एक साल तक वह जेल काट लेता है कैदियों के बीच रह जाता है तो दूसरे कैदियों की आदतें वह सीख कर बाहर आता है बुराई ले कर ही बाहर आता है । ऐसा अन्याय ऐसा कुशासन ऐसी सरकारी मशीनरी है कि भूखे रहने के लिए गरीबी के कारण किसी जाति विशेष से सम्बंधित होने के कारण आदमी को जेल भेज दिया जाता है और जिस को जेल भेज दिया जाता है वह अन्ततोगत्वा अपराधी ही बन जाता है । इसलिए मैं कहता हूं कि धारा 109 अपराधों को घटाने में सहायक नहीं होती है बल्कि अपराधों को बढ़ाने में ही मदद देती है ।

विदेशों की बात भी मैं कहना चाहता हूं । कोई ऐसा देश नहीं है जहां इस तरह की धारा हो । अमरीका को भी आप देखें । नीगरो और हब्शी लोगों को छोड़कर जो गोरे लोग वहां हैं उनको भी धारा 109 की तरह की किसी धारा में पकड़ने की कोई गुंजाइश वहां नहीं है ।

मैं अनुरोध करता हूं कि यह जो सस्ता नुस्खा है कि किसी को भी धारा 109 में गिरफ्तार किया जा सकता है और इसके तहत पुलिस और मेजिस्ट्रेट जो कारगुजारी दिखाते हैं उसके परिणामों पर दृष्टि डालें तो पता चलेगा कि बजाय अपराध घटने के बढ़ रहे हैं । इसका एक और भी दुष्परिणाम हो रहा है । इससे शासन में ढीलापन आता है, आलस्य आता है । इस तरह जो शार्टकट ढूंढे जाते हैं पगडंडियों की तलाश की जाती है इससे शासन की निपुणता और कुशलता नहीं बढ़ती है । अगर यह धारा बनी रहेगी तो राधा और कृष्ण प्रेमी और प्रेमिकायें अगर कहीं किसी जगह पर आस लगाये बैठे होंगे तो उनको भी पकड़ कर अन्दर बन्द किया जा सकता है । इतने साल हमें आजाद हुए हो गए हैं लेकिन इस धारा को आज तक नहीं हटाया गया है । अब तो आप इसको समाप्त करें और संविधान में मनुष्य के अधिकारों की जो बात आपने रखी है, बिना इस धारा को समाप्त किये उसका कोई अर्थ नहीं रह जाता है । अगर जाति अथवा गरीबी ही अपराध का कारण न हो तो इसे आप समाप्त करें यही मेरा निवेदन है ।

Mr. Deputy-Speaker: Motion moved:

> "That the Bill further to amend the Code of Criminal Procedure 1898, be taken into consideration."

Shri Onkar Lal Berwa: I beg to move:

> "That the Bill be circulated for the purpose of eliciting public opinion thereon by the 1st August, 1965".

Mr. Deputy-Speaker: What about the other amendment for referring the Bill to a Select Committee? Nobody is moving it. This motion and the amendment are before the House. May I have an idea as to how many Members want to participate? I find a number of hon. Members want to participate. We will extend the time by half an hour.

Shri U. M. Trivedi (Mandsaur): Sir, it would have been better had this amendment been for the whole of the provisions from sections 107 to 115, instead of merely section 109. Unfortunately this section alone has been picked out of the whole. It is true and I do support my hon. friend, Shri Yadav, when he said that this section is misused more and more these days. In the 1952 elections, when Mr. Rikhab Das fought Mr. Ridhichand Paliwal who was a Minister and who is now a Member of Parliament, he was a candidate for the Hindaun constituency in the 1952 elections. But during the election, for 20 days, ten times 15 Jan Sangh workers were arrested and were not released till the day when the election started. This fact was brought to the notice of the tribunal. I request the Minister to look into that case. It is re-

[Shri U. M. Trivedi]

ported in Vol. IX ELR page 115.

Two of the judges of the tribunal remarked that the Sub-Divisional Magistrate acted arbitrarily, with a guilty knowledge, helped the Congress Party and deliberately arrested all the Jan Sangh workers under section 109. They were released on the following day after the security was furnished. So, the poor candidate remained in the lock-up throughout the night and till 2 o'clock on the day of election. He was not allowed to do propaganda on the previous day and also on that day. This is the strongest case which suggests that this section 109 must be amended. I do not say it should be dropped. It might be a useful provision, but it should be suitably amended. For that, this Bill must be circulated for eliciting public opinion.

I will draw the attention of the Minister to this judgment in the case I have quoted. Unfortunately, the application did not succeed because the mischief was done by the Government officer and it could not be proved that it was done with the connivance of the candidate concerned. But a tremendous amount of mischief could be done. The judgment says:

> "Whatever the merits of the proceedings under section 107 of the Criminal Procedure Code with which the tribunal is not directly concerned, it was hardly desirable to have kept these persons throughout the night in the lock-up or even to have arrested them on the eve of the polling day and quite unnecessarily to create an impression that the chances of the petitioner were being prejudiced."

So, my contention is that it is high time that this whole measure is circulated and if possible the whole of these sections should be amended. In Bijolia, under sections 107 and 109, 84 Jan Sangh workers—not one or two but 84 Jan Sangh workers—have been arrested and put behind the bars because the panchayat elections have come. I have yet to find the day when I will be able to get them of. Therefore, it is high time that Government should open its eyes to these sections an dsuitably amend them.

श्री सरजू पाण्डेय : सबसे पहले तो मैं इस बिल का समर्थन करना चाहता हूं और साथ ही मैं माननीय सदस्यों को बतलाना चाहता हूं कि दुनिया में जितने भी अपराध होते हैं दण्ड शास्त्रियों का यह मत है और वे इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि सजायें देने से वे रुकते नहीं हैं बल्कि उसके कारण बढ़ते हैं । इसलिए अपराधों के कारणों को ही समाप्त कर दिया जाना चाहिये । पिछले जमाने में अगर देखा जाए तो पता चलेगा कि आंख के बदले आंख, दांत के बदले दांत का नियम था और छोटे मोटे अपराधों के कारण लोगों के हाथ काट दिये जाते थे लेकिन अपराधों में इससे कमी नहीं हुई बल्कि वे बढ़ते ही गए ।

18 साल हमें आजाद हुए हो गए हैं लेकिन आज भी इस धारा को हमने बनाये रखा है । दुनिया के किसी भी स्वतंत्र देश के लिए इस तरह की धारा को बनाये रखना शर्मनाक बात है । इस तरह से किसी आदमी को जेल में बन्द करना जिसका कोई अपराध साबित न हो कहां तक न्यायोचित है ? हमारे भाई राम सेवक यादव जी ने मिसालें दी हैं । गरीब लोगों की जिंदगियां पुलिस के हाथों में दे देना, पुलिस के सुपुर्द कर देना, मैं समझता हूं कतई ठीक नहीं है और पुलिस भी वह जिसके बारे में इलाहाबाद के एक हाई कोर्ट जज ने कहा था कि हिन्दुस्तान की पुलिस नंगों की फौज है इस में किस किस को कपड़ा पहनाया जाए, समझ में नहीं आता है । उसके सुपुर्द लोगों के जीवन को कर देना कतई तौर पर अन्यायपूर्ण है ।

अगर आप धारा 109 को देखें तो आपको पता चलेगा कि इस में कोई जरूरत नहीं है

सफाई की कोई जरूरत नहीं है सबूत की या गवाह की । हमारे भाई ने ठीक कहा है कि जेल को भंगी की जरूरत हुई तो पुलिस वालों ने भंगी को पकड़ा और जेल भेज दिया, रोटी वाले की जरूरत है तो गरीब ब्राह्मण को पकड़ कर जेल भेज दिया जाता है, धोबी की जरूरत होती है तो उसको पकड़ कर भेज दिया जाता है । जितना दुरुपयोग इस ताकत का हो सकता है किया जा रहा है ।

जब आजादी की लड़ाई चल रही थी तब कितने ही कांग्रेसियों को भी 109 के अन्तर्गत पकड़ कर जेल में बन्द कर दिया गया था । बड़े बड़े कांग्रेस के नेताओं तक को पकड़ कर बन्द कर दिया जाता था । मुझे यहां तक याद है कि स्वर्गीय रफी अहमद किदवई के सम्बंध में कहा जाता है कि उनको भी पुलिस ने पकड़ कर 109 में बन्द किया था ।

स्वर्गीय प्रधान मंत्री ने भी कहा था कि हिन्दुस्तान में अपराधों को बढ़ाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी पुलिस की है । पुलिस मंत्री जो यहां बैठे हैं । अगर वह अपने ये कपड़े उतार कर किसी थाने में चले जाएं और थानेदार को मालूम न हो कि यह मंत्री हैं, तो हो सकता है कि वह उनको उठा कर बन्द कर दे । ऐसी पुलिस के हाथ में आप इतना अधिकार इस धारा द्वारा दे रहे हैं, यह कतई तौर पर गलत है ।

15 hrs.

मुझे मालूम है कि किस तरह से गरीब लोग इस धारा के कारण तंग किए जाते हैं । बहुत से न्यायालय इस धारा के विरुद्ध अपनी राय दे चुके हैं । लेकिन सरकार इसको बनाए हुए है गरीब लोगों को पकड़ कर बन्द करने के लिए । आज इस देश में बोलने की आजादी केवल इस सदन में ही है और सदन से भी वह खत्म होती जा रही है । बाहर तो कोई स्वतंत्रता है ही नहीं । अगर कोई जरा बात करे तो उसको पकड़ कर दफा 109, 110 या 379 में बन्द कर दिया जाता है । न जाने कितनी इस प्रकार की दफाएं बना रखी हैं । पुलिस के आगे कोई सबूत या शहादत नहीं चलती । कुछ आवारा लोगों को सड़क पर से पकड़ कर उनका बयान करा दिया जाता है और उसके आधार पर लोगों को बन्द कर दिया जाता है । मैं चाहता हूं कि इस धारा को हटा दिया जाए, लेकिन अगर इसको रखा ही जाता है, तो इसमें कुछ ऐसा सुधार कर दिया जाए कि इसके द्वारा गरीब लोगों को न सताया जा सके । जो गरीब लोग धनी लोगों की बेगार नहीं करते उनको वे लोग अपने जान पहचान के पुलिस वालों से कह कर दफा 109 या 110 में पकड़वा देते हैं और उनका चालान करवा देते हैं । मुझे यह सब चीज अच्छी तरह मालूम है क्योंकि मैं लगभग नौ साल जेलखाने में रह चुका हूं । आज जो सन 1946 के बाद कांग्रेसी दिखायी देते हैं, जो आजादी का एक बड़ा ढोंग रचते हैं, उनसे हम कम जेल नहीं रहे हैं । हमने देखा है कि वही लोग इस धारा में जेल भेजे जाते हैं जिनके पास अपने बचाव के लिए पैसा नहीं है । ऐसे गरीब आदमी भेजे जाते हैं जो वकील नहीं कर सकते, जिनको न शहादत मिल सकती है और न जो अपनी सफाई दे सकते हैं । जिस मुल्क में न्याय इतना मंहगा हो उस मुल्क में इस तरह की धारा होना बड़ा अन्यायपूर्ण है । इसलिए मैं पुलिस मंत्री से कहूंगा कि इस पर संजीदगी से विचार करें । यह पूरे देश का सवाल है और मैं समझता हूं कि किसी भी आजाद प्रजातांत्रिक देश में इस तरह की धारा कानून में नहीं है । मेरा अनुरोध है कि इसको वापस लिया जाए, पर अगर इसको रखना ही है तो इस तरह इसमें सुधार कर दिया जाए कि गरीबों के प्रति इस धारा का इस्तेमाल न हो सके । ऐसा होगा तभी जा कर सही मानों में जनता में प्रजातंत्र के प्रति विश्वास पैदा हो सकेगा ।

श्री पाराशर (शिवपुरी) : यह जो संशोधन विधेयक पेश किया गया है, मैं

[श्री पाराशर]

इसका विरोध करता हूं । मालम होता है कि प्रस्तावक महोदय ने इस धारा को ठीक से पढ़ा नहीं है, नहीं तो वह इसको निकालने का अनुरोध न करते । अगर वह इसको गौर से पढ़ लेते तो इस बिल को पेश न करते इसमें क्लाज ए में लिखा है :

"such person is taking such precautions with a view to committing any offence,".

अगर कोई जुर्म करने की नीयत से अपने आप को छिपा रहा है तो उसको पकड़ा जाना चाहिए । लेकिन अगर इसको निकाल दिया गया तो इसका नतीजा यह होगा कि कोई जुर्म करने की दृष्टि से अपने को मजे में छिपा सकेगा । अगर हमारे समाज वादी भाई या श्री रामसेवक यादव यह चाहें तब तो इसको निकाल दिया जाए । पर मैं समझता हूं कि वह ऐसा नहीं चाहते । अगर वह इस धारा को समझ लेते तो ऐसा बिल न पेश करते ।

दूसरे इसमें लिखा है :

"or who cannot give a satisfactory account of himself."

जो अपने बारे में ठीक से न बता सके कि वह कौन है और कहां से आया है आदि, उसको पकड़ना ही चाहिए । अगर यादव जी इस को समझ लेते तो वह यह बिल न लाते । इसमें धारा का दोष नहीं है दोष है उनकी अक्ल का । इस सिलसिले में मुझे एक बात याद आती है । एक विद्वान ने अपने लड़के को एक ज्योतिषी के पास ज्योतिष सीखने के लिए भेजा । जब वह पढ़ कर आया तो उसने परीक्षा लेने के लिए उससे पूछा कि बताओ कि मेरे हाथ में क्या है । लड़के ने कहा कि आपके हाथ में एक गोल चीज है, उसमें छेद है और वह सफेद है । पिता ने समझा कि लड़का तो पढ़ा तो ठीक है । फिर उससे पूछा कि वह चीज क्या है तो लड़के ने कहा कि वह चक्की का पाट है । इस पर पिता को बड़ा आश्चर्य हुआ । उन्होंने समझ लिया कि पढ़ाने वाले का कसूर नहीं था, कसूर लड़के की अक्ल का था । पिता के हाथ में मोती था, जो कि सफेद भी था, गोल भी था और उसमें छेद भी था । तो विद्या तो ठीक थी लेकिन यह लड़के की बुद्धि की कमी के कारण था कि उसने कहा कि आपके हाथ में चक्की का पाट है ।

यही बात मैं कहना चाहता हूं कि अगर माननीय सदस्य इसको पढ़ लेते तो इस बिल को न लाते । जो आदमी जुर्म करने की गरज से छिप रहा है या जो अपने बारे में ठीक नहीं बता सकता, उसको पकड़ा जाना चाहिए ताकि वह जुर्म न कर सके । अगर इस धारा को निकाल दिया जाएगा तो इसका बुरा परिणाम होगा ।

श्री रामसेवक यादव : शायद आप नई वकालत करना चाहते हैं इसलिए ऐसी दलीलें दे रहे हैं ।

श्री पाराशर : आप सुनिए । आप कह चुके, अब आपको सुनना है ।

अब आगे इसमें लिखा है :

"ostensible means of subsistence".

अगर उन्होंने इन तीन शब्दों को "आस्टेंसिविल मीन्स आफ सवसिसटेंस" पढ़ लिया होता तो शायद उनको इस पर ऐतराज न होता । आस्टिंसिविल कहते हैं प्रत्यक्ष दर्शी को, मीन्स कहते हैं साधनों को । सवसिसटेंस का जो उन्होंने अर्थ किया है "भरण पोषण या जरिया माश" वह सही नहीं है । उसका अर्थ है जीवन रक्षा । हर आदमी किसी न किसी तरह अपनी जीवन रक्षा करता है । अगर वह खुद नहीं कमाता तो उसका लड़का उसको खिलाता है या वह मांग कर खाता है । लेकिन अगर किसी के पास कोई साधन नहीं है और जो मजे में खाता पीता है और हट्टा-

कट्टा है यह देखने की बात है कि वह कोई जुर्म तो नहीं करता । इसलिए इसका रहना जरूरी है ।

इसलिए मैं इस विधेयक का विरोध करता हूं और आशा करता हूं कि इसको वापस ले लिया जाएगा ।

Shri N. C. Chatterjee (Burdwan): Sir, I am definitely of the opinion that this section is an anachronism and it should be radically recast. We thought that in view of the definite provisions that were made in the Constitution and the Fundamental Rights guaranteed, especially under article 21 of the Constitution, sections like this section would be struck down as illegal. Unfortunately, you remember, in the leading case of Shri A. K. Gopalan, the Supreme Court took, with great respect, a very narrow and rigid view. You know that I had the privilege to deliver a lecture on constitutional law in the city of Bangalore. Shri Setalvad, the former Attorney-General of India strongly commented on that judgment and pointed out that that is not the proper view which inspired the Constitution-makers. Unfortunately, that view is still there, otherwise this section which imposes a fetter on the citizen's liberty would have been struck down as un-constitutional.

Sir, I am not one of those who want to repeal all laws which may fetter the hands of the guardians of law and order. Especially after the horrible murder of the former Solicitor-General, Shri Sanyal, and the tragic assassination of Shri Pratap Singh Kairon on the outskirts of the Union Territory of Delhi, I would not like to weaken the police force in any manner. But I am definitely of the view that this section has been abused, as hon. Members have already pointed out. You know, in Bengal this section has been abused and has been utilised against freedom fighters. In those great days of the struggle for emancipation the executive had resorted to this section for the purpose of putting behind prison bars young men who had committed no crime or were going to commit no crime. As you know, Sir, the language of the section is such that it is very elastic and some High Court judges have commented very strongly on it. The language is " . . . within such limits a person who has no ostensible means of subsistence . . . ". A young man who has not got any employment but who is the son of a very respectable person is arrested and kept in jail. Many a time the judges have commented that it should not have been done. Very few people go to the High Court or the highest court to vindicate their rights. In these days of high prices and spiralling of prices of foodstuffs anybody can come within the scope of this section because it is very loosely worded. Clause (b) should go, though clause (a) may be all right. A Full Bench of the Nagpur High Court has deprecated the arrest of people who have been very well known, who have known places of accommodation, under this section.

We are now citizens of a sovereign democratic republic. We have pledged to establish the rule of law. This is not is keeping with the fundamental concept of rule of law and so it should be altered.

I would, therefore, ask the hon. Minister to consider whether he should accept the suggestion of referring it either to a Select Committee or to the public for opinion, gather responsible opinion, find out the difficulties they will have to face if this section is altered and then present before us a suitable amendment. That should be done to make it more consonant with the democratic rights and with the fundamental freedom which we have guaranteed to ourselves.

Shri Siddiah (Chamarajanagar): Mr. Deputy-Speaker, Sir, this section was incorporated in the Code of Criminal Procedure in the year 1898. That means that nearly 67 years have

[Shri Siddiah]

passed. Perhaps there was some reason for the incorporation of this section at that time. Now things have changed very much, and we are working under a democratic constitution.

If you look at clause (b), it says "a person who has no ostensible means of subsistence". So, any person who happens to be poor and who is unemployed can be proceeded against under this section very easily. As hon. Members have already pointed out, this section has been misused on very many occasions and many people, specially poor people, who could not prove they have got ostensible means of subsistence, who could not give a satisfactory account of themselves, have been proceeded against and they have been put behind the bars. It is true that they can be released if they can prove to the satisfaction of the authorities that they are not so, or execute a bond. But in many cases it often happens that they are not able to get even sureties. As lawyers know, when the police have no other reason to apprehend a person, they naturally resort to this section 109. Rich people who want to proceed against poor people influence the police officers and see that the police take action under this section. So, I am of the opinion that clause (b) of this section should be deleted.

So far as clause (a) is concerned, I am not in favour of deleting it completely. It may be recast in a proper way. That clause in its present form is not in keeping with the fundamental rights guaranteed by the Constitution.

As suggested by other hon. Members, I also recommend that this Bill may be referred to a Select Committee or it may be sent for eliciting public opinion after which Government should take necessary action. In any case, that section should not remain in the statute book in its present form.

श्री ओंकार लाल बेरवा : उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस बिल का समर्थन करता हूं। उधर से अभी एक माननीय सदस्य ने कहा कि श्री रामसेवक यादव ने इस धारा को अच्छी तरह से नहीं समझा है और उनका यह विचार ठीक नहीं है कि इसका ग़लत प्रयोग किया गया है। मैं दावे के साथ कहता हूं कि अगर वह अपना परिचय न बतायें और मेरे साथ कोटा कांस्टीट्युएन्सी में चले जायें, या मुझे छोड़ कर चले जायें, तो अगर मैं उनको धारा 109 के अन्दर दो दिन के लिए बन्द न करवा दूं, तो उनकी तबियत में जो आए करें। बाद में वह चाहे वकील और गवाह आदि कर लें और तार से परिचयपत्र मंगा ले, लेकिन उनको मालूम हो जायेगा कि इस धारा का किस तरह से दुरुपयोग होता है।

हमारे देश में अस्सी लाख आदमी ऐसे हैं, जो फुटपाथ पर सोते हैं और 285 लाख ऐसे हैं, जिनके पास कोई रोजगार नहीं है,, जिनमें से 120 लाख ऐसे आदमी हैं, जो अन्धे, लंगड़े और कोढ़ी आदि हैं। एम्पलायमेंट एक्सचेंज के आंकड़े अलग हैं। अगर कोटा, राजस्थान से कोई आदमी यहां 26 जनवरी या 15 अगस्त का समारोह देखने आए, तो उस को दो दिन तो यहां रहना ही पड़ता है। अगर वह सोयेगा, तो कहां सोयेगा? वह फुटपाथ पर ही सोयेगा। पुलिस वाला उस को डंडा लगायेगा, उस को खड़ा कर देगा और उससे परिचयपत्र मांगेगा। वह आदमी कहेगा कि मैं कोटा का हूं। फिर उसको गवाह लाने के लिए कहा जायेगा। आप ही सोचिए कि जब वह कोटा का रहने वाला है, तो वह दिल्ली में गवाह कहां से लायेगा। मैंने खुद दिल्ली में दो-तीन ऐसे आदमियों को छुड़वाया है, जो कि 26 जनवरी का फंक्शन देखने के लिए यहां आए थे।

आज जो स्पेयर मजिस्ट्रेट होते हैं, उनका साधन यही होता है। उन को कहा जाता है कि सौ, दो सौ केसिज रोज लाओ, जिससे अपनी हांडी गर्म रहे। रास्ता चलते लोगों की टिकट कलेक्टर की तरह से एन्क्वायरी

की जाती है । अगर किसी के पास पैसे हैं, तो उससे पांच दस रुपये ले लिये, नहीं तो उसको पन्द्रह दिन के बाद छोड़ देते हैं ।

चुनाव के दिनों में इस धारा का ज्यादा उपयोग किया जाता है । ग्राम पंचायतों के चुनावों में कई लोगों को धारा 109, 107 और 370 में पकड़ लिया गया । इस धारा को विरोधी लोगों के विरुद्ध इस्तेमाल किया जाता है । ग्राम पंचायतों के चुनावों में विरोधी सरपंचों को धर लिया गया ।

इसी तरह ग़रीब लोगों के लिए इस धारा का इस्तेमाल ज्यादा होता है । मैं समझता हूं कि आज तक एक भी इनकम टैक्स देने वाले आफ़िसर को धारा 109 में बन्द नहीं किया होगा, चाहे वह इतना बड़ा डाकू हो कि एम० पीज० के बंगलों के सामने से कार लेकर चला जाये, जो कि धारा 109 से भी ज्यादा ख़तरनाक़ है। पिछले दिनों कई जीपें और फ़ियट कारें चोरी हो गईं । कुछ दिन पहले एक मिनिस्टर का लड़का कोई कार ले जाने के बारे में पकड़ा गया था, लेकिन उस को छोड़ दिया गया । ऐसे लोगों को धारा 109 में नहीं पकड़ा जाता है, ग़रीबों को पकड़ा जाता है, जिनके पास कोई साधन नहीं है ।

मेरे माननीय मित्र ने धारा 109 को समाप्त करने के लिए जो बिल सदन के सामने रखा है, उसके लिए मैं उनको हार्दिक धन्यवाद देता हूं और इस बिल का पूरा समर्थन करता हूं । इस काले कानून को इस देश की ग़रीब जनता पर लगाना बहुत बड़ा पाप है और बड़े दुख की बात है । अगर इस को नहीं हटाया गया, तो पुलिस वालों की गोटी इसी तरह लाल होती जायेगी और स्पेयर मजिस्ट्रेट हमेशा नाइलोन और टेरिलीन के कोट पहनते रहेंगे ।

श्री बाल्मीकी : मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं । मैं अपने 32 साल के अनुभव की बिना पर कहता हूं कि इस धारा का दुरुपयोग किया जाता है, इसका दुरुपयोग होता है । जहां तक न्यायालय का या मैजिस्ट्रेट का सम्बन्ध है, मैं बहुत से केस जानता हूं कि बिना विचार किये, बिना सोचे समझे, आंखें मींच कर सजा दी जाती है गवाह तक का कोई प्रश्न नहीं उठता है ।

आज हमारा देश मानव अधिकारों के लिए इस देश में और संसार में लड़ रहा है । जो संविधान हमने लागू किया है और अपने देश को पूर्ण रूपेण लोकतन्त्रात्मक गणतन्त्र घोषित किया है, उसके बाद भी मानव अधिकारों पर इस प्रकार से कुठाराघात किया जाए इस धारा को रख कर, तो यह दुख की ही बात है । इस प्रकार की और भी धारायें हैं और उन धाराओं में से यह भी एक धारा है । मैं कहूंगा कि 107, 108, 109 और 110 इन चारों धाराओं का ही दुरुपयोग होता है और इन पर फिर से विचार किया जाना चाहिये । इनका दुरुपयोग गरीब और मामूली आदमियों के खिलाफ किया जाता है । आप किसी भी दृष्टि से देखें, आप पायेंगे कि इस देश में गरीबों को इंसाफ नहीं मिलता है । इंसाफ महंगा है । जब मैं मिडल में पढ़ता था तो मुझे याद है कि मेरे दिमाग पर इस बात का प्रभाव पड़ा था कि गरीबों को इंसाफ नहीं मिलता है । उस वक्त मैंने एक दोहा लिखा था जो मैं आपको सुनाना चाहता हूं :

सच्ची न्यायालय गया, उलटा देखा न्याय ।
जज देता निज हाथ से, सिंह हाथ में गाय ।।

गरीबों को अदालतों में यह महंगा न्याय, यह वकीली न्याय, यह मैजिस्ट्रेटी न्याय नहीं प्राप्त होता है । जहां तक इस धारा के दुरुपयोग का सम्बन्ध है मुझे बहुत से केस मालूम हैं और कुछ में मुझे दखल भी देना पड़ा है और तब जाकर कहीं मामला ठीक हुआ है ।

[श्री बाल्मीकी]

जहां तक रोज़ी-रोजगार के साधनों का सम्बन्ध है यह ठीक है कि तीन पंचवर्षीय योजनाओं के बाद भी हम गरीब गुर्बा लोगों के लिए ये जीवन निर्वाह के साधन मुहैया नहीं कर पाये हैं। आज भी करोड़ों लोग ऐसे हैं जो बेरोज़गार हैं। महंगाई के कारण, अन्न के अभाव के कारण लोगों को जो कष्ट होते हैं, उसका अनुमान लगाना कठिन नहीं होना चाहिये। कितने ही आदमियों को बिना रोज़गार के अपना पेट जैसे तैसे भरना पड़ता है। यह हमारे देश का दुर्भाग्य है। हमारे यहां कहावत है "घर घर मटियाले चूल्हे हैं"। लोगों को किसी प्रकार पेट भरना तो पड़ता ही है। किसी प्रकार से भाग्य से आदमी अपना पेट भरता है, इस भाग्यवादिता का प्रभाव आप देखें

पौ फाटी पगरा हुआ, जागे जीवा जून।
सब काऊ को देत है, चोंच समाना चून॥

आप समझिये कि वह भी नहीं मिलता है।

जिस तरह से गरीब आदमियों को, मामूली आदमियों को, भाग्यहीन लोगों को, हरिजनों को, विशेषकर बाल्मीकी सांसी आदि को जबर्दस्ती पकड़ कर पुलिस अत्याचारी तरीकों से, ज़मींदारों के हाथ में रहने के कारण, तंग करती है, वह बयान नहीं किया जा सकता है। आप इससे इंकार नहीं कर सकते हैं कि हमारे देश की पुलिस मालदार व ज़मींदार आदि लोगों के हथकंडों में रहती है, उन्हीं के द्वारा चलती है और उनके कहने पर जबर्दस्तियां की जाती हैं, चालान किये जाते हैं। एक दो मिसालें मैं देना चाहता हूं।

एक बाल्मीकी लड़का जो कि बम्बई में नौकर था मेरे जिले में छुट्टी आया। उसको ही पुलिस ने 109 में चालान करके बन्द कर दिया। बेचारे ने बुरी तरह से रगड़े खाये और जैसे तैसे जाकर बाद में वह छूटा। यहां नई दिल्ली के एक हिस्से में दो मामूली आदमी, गरीब—गुर्बा आदमी अपने समधी को मिलने गये और उनको भी उठा कर पुलिस ने 109 में बन्द कर दिया और कुछ...

उपाध्यक्ष महोदय: अब आप खत्म करें।

श्री बाल्मीकी: यह मुझे जाती अनुभव हैं जो मैं आपको बता रहा हूं कि किस तरह से हम गरीब लोगों पर जुल्म और अत्याचार होते हैं। इस धारा की भाषा बिल्कुल लचर है। आज भी समय है कि उस पर पुनः विचार हो। मैं मन्त्री महोदय का ध्यान धारा 109 के साथ साथ 107, 108 और 110 की ओर भी आकर्षित करता हूं। गुंडा एक्ट की दृष्टि में आजकल तकड़ा होना भी जुर्म है। गरीब होना और उस पर तकड़ा होना जुर्म है। पुलिस मालदार आदमियों को, जमींदार आदमियों को कुछ नहीं कहती है, उनके हाथ में तो वह खेलती है। लेकिन गरीब लोगों पर जो अत्याचार होते हैं, जुल्म होते हैं, उसकी ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करता हूं। इन जुल्मों से उनको बचाने के लिए माननीय मन्त्री जी का यह कर्त्तव्य है कि वह इस पर विचार करें। मैं डा० लोहिया के इस विधेयक के सम्बन्ध में अन्त में इतना ही कहना चाहता हूं कि मन्त्री महोदय इस पर विचार करें और इसको मानने की चेष्टा करें।

Shri D. C. Sharma: Sir, I beg to support this Bill for various reasons. My first reason is that this Bill harks back to 1898. At that time, I think the attitude towards crimes was penal and punitive. Now the world has undergone a great deal of change and we are thinking of crime in terms of psychological rehabilitation and of occupational therapy. Therefore, the whole of this section needs drastic revision, in view of the changes that have taken place in this world during the last so many years.

My second point is that a great deal of reliance is placed here upon

intention. It says, "The Magistrate has reason to believe; that is, he can become a judge of a man's intention. How does anybody know what my intention is for Shri Balmiki? How can anybody guess what my intention is for Shri Kewal Krishna? I think, your intention is something hidden, something concealed, something unknown. It is known only to Almighty God and if the Magistrate is going to apprehend a person only on the strength of his intention, I think, he is arrogating to himself divine powers, powers of the Almight God, which I am not prepared to concede to him. Therefore, I believe that this is not the right approach.

It is said that a man may have an intention to commit an offence. How can anybody guess or judge anybody else's intention? Therefore, I believe that this is a very, very dubious approach to this problem.

Thirdly, it has been said that there should be ostensible means of subsistence. Who amongst us has any ostensible means of subsistence? What are the ostensible means of existence of a Member of Parliament? Does he till his land, run a factory or a shop, teach in a school or go to some other place of work? No.

Shri Rane (Buldana): He gets salary.

Shri D. C. Sharma: Therefore, the thing that the lack of ostensible means of subsistence can be made a crime, I think is something which is highly objectionable not only from the point of view of wording of the thing but also from the point of view of other things. There are some business executives in America and other countries of the world who do nothing, who only sit and yet who draw fabulous salaries. If you judge them by this ostensible means of subsistence, you can apprehend them under section 109.

Again, it is said. "If a man can give a satisfactory account of himself." I think, you cannot have a more wrongly worded phrase than this, a satisfactory account of himself. Can anybody give a satisfactory account of himself to anybody? I think, no husband can give a satisfactory account of himself to his wife; no son can give a satisfactory account of himself to his father; no father can give a satisfactory of himself to his son. We are all on trial. Fathers are on trial at the hands of their sons; husbands are on trial at the hands of their wives and the children are on trial at the hands of their fathers. To say that you have to give a satisfactory account of yourself is something which, I think, is given only to God and not to any magistrate.

Fourthly, if you look at the history of the world, you will find that in every country, in USA and other countries of the world, there are what are called hoboes, tramps or *apache* in France. They have no ostensible means of living; yet nobody apprehends them under section 109. They go about from one place to another; they do not earn their living; yet nobody apprehends them in that way. Then, there are a class of students, called beatniks. Why are not beatniks apprehended in USA and other countries of the world? They have no means of living so far as anybody can see.

I think, this section was introduced only by the British Government to be used as a hammer against those persons who differed from them politically, who differed from their policy and other things.

I know so many workers were apprehended under this section. Therefore, I say that our Home Minister, who is a very good judge of these things, should have this Bill circulated for eliciting public opinion so that we can either do away with this section or have something in its place which is in conformity with our provisions of the Constitution.

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Member should conclude now.

Shri D. C. Sharma: One word more and I have done.

Now, a man who has no ostensible means of living, a man who has nothing of the kind, is asked to execute a bond. . . . .

An hon. Member: Surety also.

Shri D. C. Sharma: ....and to give surety also. It is like asking a blind man to produce a certificate of the fitness of eyes; it is like asking a cripple to produce a certificate which purports to be dealing with the fitness of his legs and it is like asking a weak man to give a certificate which purports to be a certificate of his physical fitness. I think, this Bill, on the face of it, is absurd in drafting, is *mala fide* in intentions and has been *mala fide* in its execution. It has done good to nobody except the police and, I think the sooner we end the police *raj* from this country, the better it will be for this country.

